भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

राज्य सभा

लिखित प्रश्न सं.145

गुरुवार, 20 जुलाई, 2023/29 आषाढ़, 1945 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

पंजाब के कंडिया क्षेत्रों में संभाव्य पर्यटन स्थल

145. डा. अशोक कुमार मित्तलः

क्या पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार की पंजाब के कंडी क्षेत्रों में संभाव्य पर्यटन स्थलों को प्रोत्साहित करने की योजना है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार की पंजाब और होशियारपुर जिले के कंडी (सब-माउंटेन) क्षेत्रों में पर्यटन को प्रोत्साहन देने की योजना है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार कंडी क्षेत्रों में पर्यटन के बुनियादी ढांचे और सुविधाओं को विकसित करने के लिए मंत्रालय और पंजाब राज्य सरकार के बीच सहयोग या साझेदारी करके कोई योजना बना रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) क्या सरकार कंडी क्षेत्रों को प्रोत्साहन देने के लिए संस्कृति मंत्रालय के तहत 'प्रसाद' जैसी योजनाएं शामिल करेगी और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)

(क) से (ग): पर्यटन स्थलों की पहचान, विकास और संवर्धन मुख्य रूप से राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों की जिम्मेदारी है। तथापि पर्यटन मंत्रालय ने अपनी स्वदेश दर्शन, तीर्थस्थल जीर्णोद्धार और आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान (प्रसाद) सम्बन्धी राष्ट्रीय मिशन और पर्यटन अवसंरचना के विकास हेतु केन्द्रीय एजेन्सियों को सहायता जैसी योजनाओं के तहत पंजाब राज्य को भी देश के अन्य क्षेत्रों की तरह वित्तीय सहायता प्रदान की है।

पर्यटन मंत्रालय ने पर्यटक और गंतव्य केंद्रित दृष्टिकोण अपनाते हुए स्थायी और जिम्मेदार गंतव्यों के विकास के लिए स्वदेश दर्शन 2.0 (एसडी 2.0) के रूप में अपनी स्वदेश दर्शन योजना को नया रूप दिया है। एसडी 2.0 के तहत पंजाब राज्य में विकास हेतु अमृतसर और कपूरथला को चिह्नित किया गया है।

इसके अलावा, पंजाब राज्य सरकार को आतिथ्य सहित घरेलू संवर्धन और प्रचार (डीपीपीएच) योजना के तहत मेलों/महोत्सवों और पर्यटन संबंधी समारोहों के आयोजन के लिए भी वित्तीय सहायता प्रदान की गई है।

पंजाब राज्य में उपर्युक्त योजनाओं के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं और आबंटित निधियों का ब्यौरा अनुबंध में दिया गया है।

प्रक्रिया के अनुसार, पर्यटन मंत्रालय की उपरोक्त योजनाओं के तहत वित्तीय सहायता प्राप्त करने के लिए समय-समय पर राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्रों से प्रस्ताव प्राप्त होते हैं। इन प्रस्तावों की योजना दिशा-निर्देशों के अनुसार जाँच की जाती है और निर्धारित दिशा-निर्देशों की पूर्ति और निधियों की उपलब्धता के अधीन परियोजनाओं को वित्तीय सहायता दी जाती है।

इसके अलावा, पर्यटन मंत्रालय अन्य बातों के साथ ही पंजाब सहित भारत का एक समग्र पर्यटन गंतव्य के रूप में संवर्धन करता है। पंजाब के विभिन्न पर्यटन गंतव्यों का प्रचार-प्रसार पर्यटन मंत्रालय के सोशल मीडिया हैंडल्स सहित आधिकारिक वेबसाइट : - www.incredibleindia.org के माध्यम से भी किया जाता है ।

(घ): प्रशाद पर्यटन मंत्रालय की एक योजना है जिसमें अखिल भारतीय आधार पर राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों से प्रस्ताव प्राप्त होते हैं और परियोजनाओं के दिशा-निर्देशों तथा निधियों की उपलब्धता के आधार पर इन्हें स्वीकृति प्रदान की जाती है।

******

अनुबंध

पंजाब के कंडिया क्षेत्रों में संभाव्य पर्यटन स्थल के संबंध में 20.07.2023 के राज्य सभा के लिखित प्रश्न सं. 145 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में विवरण।

स्वदेश दर्शन योजना (करोड़ रु. में)

| क्र. सं. | राज्य | परिपथ/स्वीकृति वर्ष | परियोजना का नाम | स्वीकृत राशि | जारी की गई राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | पंजाब | विरासत परिपथ 2018-19 | पंजाब में आनंदपुर साहिब - फतेहगढ़ साहिब - चमकौर साहिब - फिरोजपुर - खटकड़ कलां - कलानौर - पटियाला का विकास | 94.51 | 67.14 |

प्रशाद योजना (करोड़ रु. में)

| क्र.सं. | राज्य | परियोजना का नाम | स्वीकृति वर्ष | अनुमोदित लागत | जारी की गई राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | पंजाब | अमृतसर में करुणा सागर वाल्मीकि स्थल का विकास | 2015-16 | 6.40 | 6.40 |
| 2. | पंजाब | रोपड़, पंजाब में चमकौर साहिब का विकास | 2021-22 | 31.57 | 7.26 |

पर्यटन अवसंरचना विकास हेतु केन्द्रीय एजेंसियों को सहायता योजना

(करोड़ रु. में)

| क्र.सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | परियोजनाओं के नाम | केंद्रीय एजेंसी | स्वीकृत राशि | जारी की गई राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| वर्ष 2013-14 | | | | | |
| 1. | पंजाब | रेल मंत्रालय के सहयोग से अमृतसर रेलवे स्टेशन पर पर्यटक सुविधाओं का संयुक्त विकास | रेल मंत्रालय | 5.84 | 4.68 |
| वर्ष 2017-18 | | | | | |
| 2. | पंजाब | जेसीपी अटारी में अवसंरचनात्मक विकास के लिए परियोजना | बीएसएफ | 13.12 | 10.30 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| वर्ष 2018-19 | | | | | |
| 3. | पंजाब | 'जलियांवाला बाग स्मारक' के जीर्णोद्धार/नवीकरण और पंजाब के अमृतसर में जलियांवाला बाग राष्ट्रीय स्मारक में अतिरिक्त कार्य किए जाने हेतु केंद्रीय वित्तीय सहायता । | भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण | 23.02 | 21.97 |

आतिथ्य सहित घरेलू संवर्धन और प्रचार (डीपीपीएच) योजना के तहत मेलों/महोत्सवों और पर्यटन संबंधी स्मारोहों के आयोजन हेतु प्रदत्त वित्तीय सहायता।

(लाख रु. में)

| राज्य का नाम | वर्ष | मेलों और महोत्सवों के नाम | स्वीकृत राशि | जारी की गई राशि |
|---|---|---|---|---|
| पंजाब | 2014-15 | श्री बाबा हरिवल्लभ संगीत सम्मेलन और खेल मेला किला, लुधियाना | 30.00 | 30.00 |
| | | अमृतसर में सूफी महोत्सव | 20.00 | 20.00 |
| | 2015-16 | हरिवल्लभ संगीत समेलन, जालंधर और ग्रामीण खेल मेला किला, रायपुर जिला लुधियाना | 12.50 | 12.50 |
| | | मोहाली में सूफी महोत्सव | 20.00 | 20.00 |
| | 2017-18 | श्री बाबा हरिवल्लभ संगीत सम्मेलन, जालंधर | 10.00 | 10.00 |
| | | आनंदपुर साहिब में होला मोहल्ला | 10.00 | 10.00 |
| | 2018-19 | अमृतसर में सूफी महोत्सव | 20.00 | 20.00 |
| | | जालंधर में हरिवल्लभ संगीत समेलन | 10.00 | 10.00 |
| | | पटियाला विरासत महोत्सव | 20.00 | 20.00 |
| | 2019-20 | सूफी उत्सव | 25.00 | 25.00 |
| | | होला मोहल्ला महोत्सव | 25.00 | 25.00 |
| | 2021-22 | हरिवल्लभ संगीत सम्मेलन, जालंधर | 25.00 | 25.00 |
| | | श्री आनंदपुर साहिब में होला मोहल्ला | 25.00 | 25.00 |

******